# रणजीत टाइम्स


इंदौर

गुरुवार, 4 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 301 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# दिल्ली से देहरादून अब मात्र 2.5 घंटे में!

## ट्रायल के लिए खुला हाईवे, एक महीने रहेगा टैक्स फ्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से देहरादून आने-जाने वालों के लिए बड़ी राहत की खबर है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का पहला हिस्सा अब आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। सोमवार से 32 किमी का यह ट्रायल रूट चालू हो गया है, जो दिल्ली के अक्षरधाम से उत्तर प्रदेश के बागपत तक जाता है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से यात्रा समय में कमी आएगी और सफर काफी सुगम होगा। आगे के हिस्सों के पूरा होने पर दिल्ली से देहरादून की दूरी कम समय में तय की जा सकेगी, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों दोनों को बड़ी सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार अगले एक महीने तक इस हिस्से पर टोल नहीं लगेगा। इससे दिल्ली-गाजियाबाद-नोएडा जाने वाले वाहनों का दबाव कम होगा और पुराने रूटों पर जाम से लोगों को काफी राहत मिलेगी।



**पूरा एक्सप्रेसवे फरवरी 2026 तक खुल जाएगा-** कुल 210 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे चार चरणों में बनाया जा रहा है। इसके पूरा होने पर दिल्ली से देहरादून का सफर सिर्फ ढाई घंटे में पूरा हो सकेगा, जबकि अभी यह लगभग 6 घंटे लेता है। पहले इसे दिसंबर 2024 तक पूरी तरह खोलने का लक्ष्य था, लेकिन अब नया टारगेट फरवरी 2026 निर्धारित किया गया है। इस एक्सप्रेसवे में 6 से 12 लेन तक का एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बनाया जा रहा है। राजाजी नेशनल पार्क में 12 किमी लंबा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड वन्यजीव कॉरिडोर होगा। हाथियों और अन्य जानवरों के लिए 6 बड़े अंडरपास बनाए जा रहे हैं। हर पार्किंग में 10 फीसदी जगह ई-व्हीकल्स के लिए रिजर्व होगी। रास्ते में फूड कोर्ट, सेंटर और एयर फिलिंग स्टेशन भी मिलेंगे। अक्षरधाम से यूपी बॉर्डर तक तीन आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# एमपी कुपोषण फ्री के लिए फुल प्रूफ प्लान बनाएं

● सीएम बोले-लाडली लक्ष्मी बेटियों के ड्रॉप आउट रोकें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियां बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वस्थ्य सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं। अधिक से अधिक लोगों तक विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का सुगमता पूर्वक लाभ पहुंचाने के लिए सुशासन की भावना के अनुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए गतिविधियों का संचालन किया जाए। कार्यक्रम क्रियान्वयन के अनुवीक्षण में आईटी का अधिक से अधिक उपयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव




ने विभागीय अधिकारियों को बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य के लिए स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग तथा महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए रोजगार की दृष्टि से तकनीकी शिक्षा तथा उद्योग विभाग से बेहतर समन्वय कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

### विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियां

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णत: ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू करने में मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य बना। टेक होम राशन की एफआरएस प्रक्रिया में मध्यप्रदेश प्रथम। राष्ट्रीय स्तर पर हुई सराहना। स्पॉन्सरशिप योजना में 20,243 बच्चों को लाभ। प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर रहा। भवन निर्माण की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूल विकसित किया गया। उपस्थिति के लिए 20 मीटर जियो-फेंसिंग व्यवस्था डिजिटल पारदर्शिता की मिसाल बनी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 9.70 लाख गर्भवती महिलाओं को 512 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता उपलब्ध कराई गई।

# 3 साल से कलमा-नमाज पढ़ने वाली आशा बनेंगी मुस्लिम

● एमपी के विदिशा जिले में धर्म बदलने के लिए दिया आवेदन ● कलेक्टर से मांगी परमीशन, अब पुलिस कर रही है काउंसलिंग

**भोपाल (एजेंसी)।** विदिशा जिले में जनसुनवाई के दौरान एक 20 वर्षीय हिंदू युवती आशा प्रजापति ने मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए आवेदन दिया है। युवती का कहना है कि वह तीन साल से नमाज और कलमा पढ़ रही है और यह फैसला उसने आत्मिक शांति और अध्ययन के आधार पर लिया है, किसी दबाव या प्रलोभन में नहीं।



प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती को एसपी ऑफिस भेजा है, जहां पुलिस और महिला बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से काउंसलिंग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत इस मामले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# सुरंग खोदकर भारत में घुसो, फिर अधिकार भी चाहिए

● नहीं मिलेंगे, घुसपैठियों को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, दिखाया आईना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घुसपैठिए और अवैध प्रवासी भारत में किसी भी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि देश के प्रत्येक नागरिक को पूर्वोत्तर व पूर्वी राज्यों में इस समस्या की गंभीरता का अहसास है। शीर्ष अदालत पांच रोहिंग्या अवैध प्रवासियों के संबंध में दायर हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो अपनी हिरासत के बाद से लापता बताए जा रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या



बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान तब आपत्ति जताई, जब याचिकाकर्ता रीता मंजूमदार की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने रोहिंग्या व्यक्तियों को 'शरणार्थी' कहा। इस पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि अदालत रोहिंग्याओं के मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपना रही है, लेकिन इससे उनका दर्जा नहीं बदल जाता। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा- पहले आप प्रवेश करते हैं, आप अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। आपने सुरंग खोदी या बाड़ पार की और अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए। फिर आप कहते हैं, अब जब मैं प्रवेश कर गया हूं, तो आपके कानून मुझ पर लागू होने चाहिए और मैं भोजन का हकदार हूं, मैं आश्रय का हकदार हूं, मेरे बच्चे शिक्षा के हकदार हैं। क्या हम कानून को इस तरह से खींचना चाहते हैं। सीजेआई ने कहा- एक बार जब अवैध प्रवासी भारत में आ जाते हैं, तो वे जाते नहीं हैं।

## रोहिंग्या को 'शरणार्थी' मानने की मांग के बीच टिप्पणी

यह टिप्पणी तब आई है जब कुछ समूह रोहिंग्या मुस्लिमों को भारत में शरणार्थी का दर्जा देने की मांग उठा रहे हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार उन्हें 'बांग्लादेशी घुसपैठिए' मानती है और देश का नागरिक नहीं मानती। रोहिंग्या म्यांमार के राखाइन प्रांत से उत्पीड़न के बाद भागे हैं। कई रोहिंग्या पहले बांग्लादेश पहुंचे और वहां से धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल सहित भारत के कुछ इलाकों में प्रवेश करते रहे हैं। सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता ने हैबियस कॉर्पस की आड़ में सरकार से अवैध प्रवासियों की निर्यात प्रक्रिया, विदेशों के साथ हुई बातचीत, और प्रासंगिक सरकारी फाइलों की जानकारी मांगने की कोशिश की है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। पीठ ने मामले की सुनवाई 16 दिसंबर तक स्थगित कर दी है, जब रोहिंग्या अवैध प्रवासियों से जुड़े अन्य मामलों को भी एक साथ सुना जाएगा। अदालत ने 2005 के सरबानंद सोनोवाल मामले की याद दिलाई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि असम राज्य बांग्लादेशी नागरिकों के बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ से 'बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति' का सामना कर रहा है। तब अदालत ने केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 के तहत असम की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दायित्व निभाने को कहा था। इसके पहले 8 मई को जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिश्वर की पीठ ने दिल्ली में रह रहे कुछ अवैध प्रवासियों के संभावित डिपोर्टेशन पर रोक लगाने से इंकार किया।

# ग्रामीण पत्रकारिता में पहचान का संकट और चुनौतियां

राजेश सोनी/उत्सव सोनी
9630319675/7869272475





वर्तमान समय में जो वातावरण बन चुका है उसमें ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष अपने आपको प्रांसगिक बनाए रखने की भारी भरकम चुनौती उपस्थित हो गई है। राज्, समाज और सत्ता सब जगह शक्ति संतुलन का सिद्धान्त काम करता है यानी सीधे तौर पर जो जितना ताकतवर होगा वह उतना आगे जायेगा। और कमोवेश नेताओ, पत्रकारों और अधिकारियों के बीच प्रतिस्पर्धा चलती रहती है। कोशिश की जाती है कि इन तीनों खेमो की ओर से कोशिश की जाती है वे अपने प्रतिस्पर्धी से आगे निकले और आगे निकलने का मतलब यह है कि पूरी व्यवस्था में कौन अधिक प्रभावशाली सिद्ध होता है। पत्रकारों के साथ समस्या यह है कि उन्हें किसी भी तरह की संवैधानिक बढत प्राप्त नहीं है। ऐसे में पत्रकारों और पत्रकारिता को जो भी कुछ करना है वह अपनी प्रतिभा, मेहनत और साहस के दम पर करना है। कॉर्पोरेट दौर में पत्रकारिता के समक्ष कई तरह की चुनौतियां उपस्थित हुई है, और ये चुनौतियां ग्रामीण पत्रकारिता के समक्ष अधिक गंभीर रूप में दिखाई पडने लगी है अपने काम के प्रति प्रतिबद्वता की बात करे तो ग्रामीण पत्रकार हमेशा ही बेहद संजीदा रहा है। जो सुविधाएं और अनुकूलता शहरी या संस्थागत पत्रकारों को प्राप्त होती है उनके बारे में ग्रामीण पत्रकार सोच भी नहीं सकता। वास्तव में ग्रामीण पत्रकार पाठक और खबर के बीच की वो कडी है जो बिना किसी प्राप्ति की आकांक्षा के सदैव सकिय रहती हैं। ग्रामीण पत्रकार लोकतंत्र की मशीन का बहुत प्रभावी और अनिवार्य कलपुर्जा है। सही मायने में ग्रामीण पत्रकार ही अपनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोकतान्त्रिक मूल्यों को सिंचता है। इसे दुर्भाग्य के अलावा और कहेगें कि ग्रामीण पत्रकार बहुत तरह की विपरीत स्थितियों में भी संवाद प्रेपण का काम निष्ठा से करता तो है परन्तु उसके हिस्से कुछ नहीं आता।

आम आदमीजन अपनी समस्याओं के हल के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की चौखट से निराश होकर लौट जाता है, पर पत्रकार ही उसके लिए सम्बल बनकर उभरता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जितने महत्वपूर्ण व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका है उसके कम महत्व पत्रकारिता का नहीं है। हालांकि पत्रकारिता को कोई संवैधानिक अधिकार या मान्यता प्राप्त नहीं है, उसे जो प्राप्त है वह है जनमान्यता और पाठकों/दर्शकों का विश्वास। जो दुर्भाग्य से अब टीआरपी, प्रसार संख्या और क्लिक वजन में बदलता जा रहा है। समाज में व्याप्त बुराईयों के पैरोकार अपने हित साधने के लिए गाहे-बगाहे पत्रकारिता को निशाना बनाते है। ग्रामीण क्षेत्रों में माफिया और समाजविरोधी तत्व निरपेक्ष ग्रामीण पत्रकारिता को अपने अस्तित्व के लिए खतरा समझते है। और यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों से पत्रकारों के उत्पीडन की खबरे अब ज्यादा दिखाई सुनाई पडने लगी है। व्यवस्था के दूसरे अंग इस परिस्थिति में भी अपना फायदा ढूंढते है, पुलिस नेता और जनप्रतिनिधि घटना में न्यायपरक ढंग से कुछ करने को तैयार नहीं होते। यह स्थिति इसलिए निर्मित होती है कि सभी को अपने हितों की चिंता करनी होती है और पत्रकारों की कलम उन्हें इस काम में बाधा उपस्थित करती जान पडती है। वरना क्या कारण है कि रेत माफिया, भू माफिया, शराब माफिया, शिक्षा माफिया, स्वास्थ्य माफिया इन सबके लिए सही और सच्चा लिखने वाला पत्रकार आंख की किरकिरी बन जाता है।

अब सवाल यह है कि ग्रामीण पत्रकारिता के लिए ऑक्सीजन कहां से उपलब्ध हो मीडिया घरानों को अपने राजस्व की चिंता है। कई अखबार प्रबंधक और मालिक तो ग्रामीण पत्रकारों को मानसेवी संवाददाता पहचान तक देने में हिचकते है। ऐसे में खबरों के युद्ध क्षेत्र में ग्रामीण पत्रकारों को बिना ढाल और बिना सिरस्त्राण के ही जाना पडता है। लेकिन कर्तव्य से प्रेरित ग्रामीण पत्रकार यह जोखिम लेने के लिए भी हर समय तत्पर रहता है। ग्रामीण पत्रकारिता के लिए इन दिनों सबसे जरूरी यह है कि ग्रामीण पत्रकार और छोटे-छोटे ग्रामीण पत्रकारिता के संगठन अपने-आपसी मतभेद परे रख कर एकजुट हो । भारत में जिस तरह वकील बिरादरी में एकता का रक्त संचार है, कुछ वैसा ही ग्रामीण पत्रकारों में होना चाहिए। वरना तो सारी शक्तियां ही कभी ना कभी हुए अपने नुकसान के चलते ग्रामीण पत्रकारों के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि समाज के अन्य वर्गों को भी यह समझना होगा कि ग्रामीण पत्रकार करंज का वह पेड है जो आपाठ की दुपहरी में भी घनी छाव देता है उसके फल भले मीठे ना लगते हो लेकिन उसके बीजों से निकलने वाला कडवा तेल कीटाणुनाशक औपधि का काम करता है। बालगंगाधर तिलक से लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी और मामा बालेश्वर दयाल दीक्षित से लेकर डॉ. वेद प्रताप वैदिक तक सभी ने अपने पत्रकारीय कर्म से यही प्रतिबाधित किया है।

# "दिव्यांग जनों को अवसर दें, उनकी प्रतिभा निखर कर चमत्कार करेगी



दिलीप पाटीदार

धार, विश्व दिव्यांग दिवस पर बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा ने कहा कि दिव्यांग जनों की प्रतिभाओं को पहचाने और उनको बेहतर अवसर दें। दिव्यांग जनों द्वारा खेल के क्षेत्र में देश का नाम दुनिया में रोशन किया है। इसलिए हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों को अवसर मिले यह हमारी मंशा है। जिला शिक्षा केंद्र धार द्वारा आयोजित इस समारोह में जिलेभर से आए दिव्यांग विद्यार्थियों की उपस्थिति ने वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जिला न्यायाधीश प्रदीप सोनी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली एवं प्रस्तुत किए गए नृत्य की प्रशंसा की। उन्होंने दिव्यांगजन हितैषी विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज के सहयोग और जागरूकता से ही उनके जीवन में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करने और पुरस्कार वितरण के लिए पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी भी अतिथि के रूप में शामिल हुए, बच्चों को पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में अतिथियों ने स्वयं दिव्यांग विद्यार्थियों को भोजन परोसा। आयोजन में समाजसेवी हेमसिंह पटेल, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश वर्मा, विकासखंडों के दिव्यांग शिक्षा प्रभारी एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मूक-बधिर छात्रावास बरमखेड़ी के विद्यार्थियों की देशभक्ति गीत पर प्रस्तुत नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए दिव्यांग विद्यार्थियों ने नृत्य, चित्रकला, रंगोली, चेयर रेस और अन्य खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

दिलीप पाटीदार



धार, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शहरी विकास अभिकरण (DUDA) की विस्तृत समीक्षा बैठक आज कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम संजीव केशव पाण्डेय ने विभिन्न शहरी विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों और प्रगतिरत परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम संजीव केशव पाण्डेय ने विभागीय अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित आवासों की प्रगति, निर्माण चरण, लाभार्थियों के फील्ड वेरिफिकेशन की स्थिति और भू-आवंटन से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लाभार्थियों का सत्यापन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में शहरी क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों—जैसे सड़क निर्माण, नाली निर्माण, जल निकासी, सीसी रोड, सार्वजनिक स्थल विकास तथा अन्य बुनियादी ढाँचा निर्माण की भी समीक्षा की गई। एडीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी और सभी विभाग समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर पालिका तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाए। सभी स्वीकृत परियोजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रगति परीक्षण नियमित रूप से किया जाए। जनहित से जुड़े विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो। एडीएम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की समीक्षा, अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी, जिला स्तरीय समीक्षा और निगरानी समिति की बैठक में प्रस्तुत किये जाने वाली तैयारियों के संबंध में जानकारी, अधोसंरचना/विकास चतुर्थ चरण से संबंधित निर्माण कार्यों की जानकारी, गीता भवन निर्माण से संबंधित जानकारी, स्वच्छ भारत मिशन की तैयारियों के संबंध में, म.प्र. पटटाधृति अधिनियम अन्तर्गत पटटों के सर्वेक्षण के संबंध में, पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति के सबंध में जानकारी, नगरीय क्षेत्रों में नवीन अवैध कालोनियो के नियंत्रण के संबंध में, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के क्रियान्वयन के संबंध में,डाग बाईट/आवारा पशु के संबंध में, नगरीय यातायात सुधार के संबंध में,ई. डब्ल्यूएस भू-खण्डो का वैधानिक निस्तारण करने के संबंध में,नर्मदा परिक्रमा पथ पर निकाय द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में, मेट्रो पालिटीन प्लान के संबंध में, सीएम हेल्पलाइन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम श्री पांडेय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बदनावर एवं धामनोद को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में DUDA के अधिकारी, नगर निकाय प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इंदौर
इंदौर, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025

रणजीत टाइम्स



# इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से 11 आवेदनो का त्वरित निराकरण कर, दिलाया आवेदकों को न्याय

4 प्रकरण में आवेदको को 24 लाख 65 हजार रुपये की राशि दिलवा कर, किया उनकी समस्याओं का समाधान आपसी लेनदेन की राशि दिलवाने के साथ ही, मां-बेटे का आपसी मतभेद खत्म करवा, दिलवाया भरण पोषण

इंदौर पुलिस के सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र द्वारा अपने 2024-25 के एक वर्ष में 48 प्रकरणों में त्वरित निराकरण कर, 2 करोड़ 71 लाख 48 हजार 800 रुपए की राशि आवेदकों को वापस करवा, दिलाया है उन्हें न्याय। इंदौर- शहर में सामान्य आपसी व पारिवारिक विवादों के आपसी सामंजस्य से त्वरित व उचित निराकरण हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन मे पुलिस कमिश्नरेट इंदौर द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र (Community Mediation Center) की संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत छोटे-मोटे विवादों को आपसी सुलह के जरिए समाधान निकालकर, आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में पुलिस आयुक्त कार्यालय मे विगत दिनों में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आपसी व पारिवारिक विवादों, रुपये के लेनदेन आदि प्रकार के आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिन्हें सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से आज दिनांक 03.12.25 को 31आवेदनो पर सुनवाई करते हुए 11 आवेदन पत्रो का त्वरित निराकरण आपसी सामंजस्य से करवाया गया और उनमें से चार प्रकरणों में आवेदको को 24 लाख 65 हजार रुपये की राशि दिलवा कर, किया उनकी समस्याओं का संतुष्टि पूर्वक समाधान करवाया गया।



निराकरण किये गये प्रकरण जिसमे

1. आवेदक सचिन अग्रवाल उम्र 40 साल निवासी पलसीकर कॉलोनी थाना जूनी इंदौर द्वारा अनावेदक विजय कुमार जैसवानी उम्र 48 साल निवासी बसंत विहार कॉलोनी थाना लसुडिया के विरुध्द आपसी लेन देन की शिकायत की थी। जिस पर मध्यस्थता की टीम द्वारा आपसी सामंजस्य से आवेदक को अनावेदक से कुल राशी 21,57,055 रुपये चैक के माध्यम से भुगतान करवाया गया।

2. आवेदक अनीस खान उम्र 68 साल निवासी मेजेस्टिक नगर थाना खजराना इंदौर के द्वारा अनावेदक चंद्रशेखर मीणा उम्र 36 साल निवासी प्रिंसेस क्रऊन थाना एमआईजी के विरुध्द लेन देन की शिकायत की थी। जिस पर टीम व्दारा कार्यवाही कर अनावेदक से आवेदक को 2,85,000 चैक के माध्यम से भुगतान करवाया गया।

3. आवेदिका मनीषा मोर्य निवासी नंदबाग कॉलोनी थाना बाणगंगा के द्वारा अनावेदक पल्लवी सोनी संगम महिला मंडल की शिकायत पर, टीम ने मध्यस्थता करवाते हुए आवेदिका को 18000 रुपये का भुगतान चैक के माध्यम से करवाया गया।

4. इसी तरह आवेदिका कल्पना उम्र 60 साल निवासी परदेशीपुरा द्वारा अनावेदक अपने पुत्र प्रवीण उम्र के विरूध्द आपसी मतभेद होने से भरण पोषण के लिए आवेदन दिया था। जिस पर टीम द्वारा आपसी सामंजस्य कर पुत्र द्वारा अपनी माँ को भरण पोषण के लिए प्रतिमाह 5000 रुपये देने की सहमति दी गई है। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट व्दारा सामान्य पारिवारिक विवादों, पड़ोसियों के झगड़ों, छोटे-मोटे संपत्ति विवादों, किराएदार-मालिक के झगड़ों और मामूली सिविल मामलों को बिना कानूनी कार्यवाही के प्रशिक्षित और अनुभवी मध्यस्थों (mediators) की मदद से दोनों पक्षों के बीच बातचीत व आपसी सामंजस्य के माध्यम से हल करने के प्रयास किये जा रहे है। विदित हो कि इंदौर पुलिस के सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र द्वारा अपने प्रारंभ होने से अभी तक के 2024-25 के एक वर्ष में 48 प्रकरणों में त्वरित निराकरण कर, 2,71, 48,800 रुपये (2 करोड़ 71 लाख 48 हजार 800 रुपए) की राशि आवेदकों को वापस करवा, दिलाया है उन्हे उचित न्याय।

---

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जायेगा

**दैनिक भास्कर दर्पण**

इंदौर। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में 07 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमामय रूप से मनाया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं राष्ट्र सेवा में महती भूमिका निभाने हेतु मनाया जाता है।

इसके साथ ही सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के नागरिकों में देश प्रेम को बढ़ावा देने एवं सेना के प्रति आस्था एवं आभार प्रकट करने का एक शुभ-अवसर भी है। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सहायता एवं कल्याण हेतु नागरिकों से स्वेच्छा से धन राशि का सहयोग भी लिया जाता है। उल्लेखनीय है की सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की आजादी के उपरांत से ही प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को देशभर में मनाया जाता है। इस अवसर पर मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा एवं पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की समस्या का निदान एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आयोजन के दौरान दी जाएगी। क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों से आग्रह किया गया है की 07 दिसंबर 2025 को प्रातः 10:45 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयरामपुर कॉलोनी इंदौर में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

# चक्रवर्ति सम्राट श्रीमंत यशवंत राव होळकर (प्रथम) स्मृति सम्मान




श्रीमंत महाराजा यशवंतराव होलकर प्रथम की 250वी जन्म जयंती दिनांक 3.12.2025 को होकर एक समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम उषा नगर स्थित महाराजा यशवंत राव विद्यालय के सभागार में सायः 6:00 बजे पर होगा।

इसी दिन प्रातः 8:30 बजे बंगाली चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा जिसमें इंदौर के प्रथम नागरिक माननीय महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी, क्षेत्रीय विधायक माननीय महेंद्र जी हार्डिया, मातोश्री अहिल्या के वंशज श्रीमंत उदयसिंह राजे होळकर, एवं पार्षद प्रणव मंडळ जी उपस्थित रहेंगे।

# श्री शांतिनाथ भगवान के लीड्स गार्डन सिटी में नूतन जिनालय की घोषणा



**राजेश धाकड़**

महालक्ष्मी श्री संघ में आयोजित भव्य चतुर्विध धर्मसभा में तीन आचार्यों— प. पू. श्रीमद विजय पद्मभूषण रत्न सुरीश्वरजी म.सा.,श्रीमद विजय जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा.,श्रीमद विजय धर्मबोधि सुरीश्वरजी म.सा.तथा पन्यास प्रवर श्री तत्वरुचि विजयजी म.सा., पन्यास श्री ऋषभरत्न विजयजी म.सा., कुल ठाणा 18 एवं साध्वीश्री भक्ति रेखाश्रीजी म.सा. कुल ठाणा 3 की पावन उपस्थिति में दिव्य धर्मवर्षा हुई। इस पवित्र अवसर का पुण्यलाभ जयन्ती श्री श्रीमाल के निवास पर समस्त महालक्ष्मी श्री संघ को प्राप्त हुआ। धर्मसभा में प.पू. साधु भगवंतों ने प्रेरणा देते हुए कहा कि "आज धर्म प्रेम बढ़ रहा है परंतु प्रेम धर्म कम होता जा रहा है। परिवारों में आपसी प्रेम ही वास्तविक सुख का माध्यम है। जब मनुष्य प्रेम धर्म अपनाता है, तभी वास्तविक धर्म प्रेम स्वतः प्राप्त हो जाता है।" सभा में लीड्स गार्डन सिटी, बड़ा बांगड़दा में श्री शांतिनाथ भगवान के नूतन जिनालय स्थापना की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित सभी धर्मानुरागियों ने हर्षपूर्वक स्वीकार किया।

### धर्मसभा में विशेष रूप से उपस्थित

श्री जयन्ती श्री श्रीमाल श्री शैलेन्द्र सुराना समर्पण ग्रुप के श्री विनोद जैन श्री भगवतीलाल भाटेवरा (महालक्ष्मी नगर जैन संघ)श्री रवीन्द्रपोखरना लीड्स गार्डन सिटी के श्री आलीशजी जैन,सहित अनेक धर्म साधकगण।

# परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश के अधिकारी बनें सहजयोग से

हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं। इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश।

वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है। वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के



मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते होते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं। पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुड़ते हैं। 29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है, "श्रद्धा का अर्थ केवल प्रार्थना करना नहीं है, यह मात्र विश्वास करना ही नहीं है, अपितु श्रद्धा वह है, जिसके कारण आप अपनी भक्ति व समर्पण से मिली उपलब्धियों का आनंद अपने हृदय में लेते हैं। इसे ही श्रद्धा कहना चाहिए।" इस अनुठी ध्यान पद्धति से जुडने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# असली पुलिस के नकली थाना की सच्चाई क्या रोहन जाटव को मिलेगा न्याय?

## 30/10/2025 के आवेदन पर आज दिनांक तक नहीं हुई कार्यवाही या प्रशासन के आल्हा अधिकारियों द्वारा दवा दी जाएगी रोहन जाटव के न्याय की उम्मीद

**खुशबू श्रीवास्तव**







फरियादी रोहन जाटव

इन्दौर के ग्रामीण क्षेत्र के खुड़ैल थाने का मामला सामने आया है जहां पीड़ित रोहन जाटव ने बताया कि वह अपने अन्य दोस्तों के साथ पार्टी करने जा रहा था जहां उसने देव गुराडिया ब्रिच के पास देशी विदेशी मदिरा दुकान से 9 देशी क्वार्टर लिए थे जिसका पेमेंट भी उसके द्वारा आनलाइन क्या गया था लेकिन हुआ कुछ यूं की जैसे ही वह अपने पार्टी स्थल की और बड़ा वैसे ही कुछ दुर पर ही खुड़ैल थाना के दो पुलिसकर्मी द्वारा उसे रोका गया और चैकिंग कर उसे प्राइवेट थाने ले गए जहां शुरू हुआ डर का खेल उसे झूठे शराब केस मैं बंद करने की धमकी देते हुए नकली रजिस्टर पर कार्रवाई करना शुरू किया उसके बाद उसे डन्डे पाइप से पिटाई की गई यह सब कर उसमें डर का खौफ होते ही फिर असल मुद्दे की हुई बात जिसके लिए खुला है यह नकली थाना रोहन की भाई को फोन करके बुलाया गया जहां कुछ लेन देन के बात रोहन जाटव को छोड़ दिया गया। यह मुद्दा भारतीय मुद्रा रूपए जिसके कारण इस गरीब निर्दोष के साथ की गई थी ज्यादती उक्त मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों की गई तो वह से भी गोपनीयता भगं की गई आवेदक के आवेदन देने के कुछ वक्त बाद कार्यालय से आवेदनकर्ता का नाम, पता, नम्बर, सभी अनावेदक को पहुंचा दिया आवेदनकर्ता पर आवेदन वापस लेने का दबाव बनाने का खेल शुरू हो गया उसके घर पर के आसपास वह पुलिसकर्मी घुमने लगें जिनकी शिकायत उसने की थी उसे फोन करके शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाया जा रहा है हमारे संवाददाता द्वारा उक्त घटना स्थल का सर्वे किया तो कहीं चौंकाने वाली जानकारी सामने आई जैसे देव गुराडिया नाके पर पुलिस चौकी बनी हुई है उस पर पुलिस सहायता बोर्ड भी लगा है लेकिन उस पर हमेशा ताला लगा रहता है रहवासियों ने बताया यह चौंकी तो बंद ही रहतीं हैं सुंदर बनी चौकी को बंद कर खडंर भवन मै बीना बोर्ड लगाए चौकी बना कर लेन देन करने का कार्य हो रहा है।



# कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला स्वास्थ्य समिति कि बैठक ली कहा गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें

**दिलीप पाटीदार**

धार  कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में आज प्रातः जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई । सर्वप्रथम कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित एजेंडा बिंदुओं दिए गए निर्देशों के संबंध में समीक्षा की। जिसमें जिला चिकित्सालय एवं जिले के अन्य शासकीय चिकित्सालयों के निरीक्षण की समीक्षा कर शत प्रतिशत निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। जिन्होंने में शत प्रतिशत निरीक्षण नहीं किया हैं उन्हें चेतावनी पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लक्ष्यानुसार समस्त निरीक्षण होने चाहिए। जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की नियमित बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाना सुनिश्चित करें। कुपोषित शिशुओं की पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से समीक्षा कर स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले को



प्रत्येक शिशु की प्रतिसप्ताह मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। टीएचआर वितरण की समीक्षा कर समस्त सीडीपीओ तो लक्ष्यनुरूप वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के टीकाकरण की समीक्षा कर कार्ययोजना अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने को कहा । सीएचओ एवं एएनएम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि टीकाकरण हमारी पहली प्राथमिकता होना चाहिए। टीकाकरण में जो बीएमओ अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया जाए। जो कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। सभी फील्ड में जाकर निरीक्षण करे। "वन नेशन वन, वन राशन कार्ड" के तहत राशन वितरण की समीक्षा कर कहा कि जो व्यक्त अन्य राज्यों में पलायन पर जाते हैं उन्होंने राशन प्राप्त किया हैं या नहीं जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। टीबी स्क्रीनिंग, टीबी एक्स-रे व निश्चय पोषण बास्केट की समीक्षा कर जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई उन्हें प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया की समीक्षा कर कार्ड वितरण शत प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश नहीं की जाएगी। डॉयल 108 एंबुलेंस की शिकायतों की समीक्षा कर अंतिम तीन माह की जानकारी प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। मैटरनल डेथ की समीक्षा कर हाई रिस्क केसेस की मॉनिटरिंग प्रतिदिन पर की जाए।

रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत समीक्षा कर रेबीज का टीका की उपलब्धता स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जो भी अधिकारी निरीक्षण पर जाए वहां इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करें। आदि आदर्श केंद्र की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा कर जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं रही उन्हें नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कनिष्का योगेश चौहान ने किया नायक समाज का नाम रोशन!



**दीपक वाड़ेकर**

इंदौर की रहने वाली नायक समाज की हुनहार बेटी कनिष्का योगेश चौहान ने गरिमा विद्या विहार सीनियर सेकंडरी स्कूल इंदौर मे पहला मेडल बास्केट बोल दूसरा मेडल पिट्टू तीसरा कराठे ओर चौथा मैडल tug of वार मे जीता है! साथ हीं कनिष्का योगेश चौहान ने गरिमा विद्या विहार सीनियर सेकंडरी स्कूल से बेस्ट परफॉर्मेंस का अवार्ड भी जीता है ! हम आपको बता दे के कनिष्का योगेश चौहान अभी 11 वी क्लास की छात्रा है ! पर इस उम्र मे उन्होंने ने पूर्व मे भी कराठे खेल कर सिल्वर ओर गोल्ड मेडल जित कर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है ! रणजीत टाइम्स न्यूज़ पेपर कनिष्का योगेश चौहान के उज्वल भविष्य की कामना करता है !

# सांसद खेल महोत्सव के तहत लक्ष्य सेंट्रल स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दिलीप पाटीदार**

राजगढ़। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आज लक्ष्य सेंट्रल स्कूल, राजगढ़ में अंडर-17 वर्ष बालक/बालिका जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई । इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी माननीय अतिथियों का गरिमामय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में -श्री राजेन्द्र जी गर्ग-वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, श्री नवीन जी बानिया-सांसद प्रतिनिधि एवं सांसद खेल महोत्सव प्रभारी, श्री धर्मेन्द्र मंडलोई-वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनभागीदारी अध्यक्ष राजेंद्र सुरी महाविद्यालय सरदारपुर, श्री सोहन जी पटेल – भाजपा मंडल अध्यक्ष राजगढ, श्री आशीष जी जैन – भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, श्री अश्विनी जी दीक्षित – योग गुरु एवं नोडल अधिकारी सांसद खेल महोत्सव, श्री गिरधारी लाल जी चौधरी – पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य अर्जुन जाट ने अपने स्वागत भाषण में कहा-"माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में सांसद खेल महोत्सव एक ऐतिहासिक मंच है। यह आयोजन ग्रामीण, शहरी एवं स्कूली स्तर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर



प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों से भविष्य के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होते हैं।" नोडल अधिकारी श्री अश्विनी दीक्षित का मार्गदर्शन, श्री दीक्षित ने बताया-"सांसद खेल महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य हर वर्ग के खिलाड़ियों को समान अवसर देना है। यह प्रतियोगिता तहसील से जिला तथा फिर राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देती है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना विकसित होती है।" सांसद प्रतिनिधि श्री नवीन बानिया का संदे-श्री बानिया ने कहा-"केंद्र एवं राज्य सरकारें खेलों को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। पिछले वर्षों में खेल बजट में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। भारतीय युवा आज विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव भविष्य के चैंपियंस की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।" अन्य अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधन वरिष्ठ भाजपा नेता श्री धर्मेन्द्र मंडलोई ने कहा-"खेल शरीर ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम भी हैं। यह आयोजन छात्रों में नेतृत्व, टीम वर्क और अनुशासन का विकास करता है। लक्ष्य सेंट्रल स्कूल इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।"

भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सोहन जी पटेल ने कहा-"ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, अवसरों की कमी होती है। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहलें इन प्रतिभाओं को उजागर करने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन रही हैं। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्री आशीष जैन ने कहा-"खेल शरीर, मन और समाज-तीनों को स्वस्थ रखते हैं। लक्ष्य सेंट्रल स्कूल द्वारा खेलों को दिया जा रहा प्रोत्साहन सराहनीय है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजेंद्र गर्ग ने कहा खेल युवाओं में अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं। यह प्रतियोगिता बच्चों को बड़ा मंच देगी।" खिलाड़ियों का उत्साह और शो मैच ने कार्यक्रम में बढ़ाई रौनक- खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश से अतिथि,



जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों बनाम लक्ष्य सेंट्रल स्कूल के खिलाड़ियों के बीच एक विशेष शो मैच भी आयोजित किया गया। इस रोमांचक मुकाबले ने पूरे कार्यक्रम में उत्साह की लहर दौड़ा दी और दर्शकों ने तालियों के बीच खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन टीम का उत्कृष्ट योगदान- विद्यालय के शिक्षक श्री नरेन्द्र सिंह चौहान, श्री रोहित सोलंकी, श्री महेश राठौर एवं समस्त स्टाफ ने पूरे आयोजन को अनुशासित, सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराया। अतिथियों ने लक्ष्य सेंट्रल स्कूल के आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार- कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती अनिमा जैन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री नरेन्द्र चौहान ने किया।

# पुलिस का आमजन से संवाद लगातार जारी..किया जा रहा है मोहल्ला बैठकों का आयोजन

जनसंवाद कर अपराधों पर अंकुश हेतु, जनता व पुलिस की कड़ी को और मजबूत बनाने के लिये कर रही है प्रेरित । अवैधानिक गतिविधियों की गोपनीय रूप से सूचना देने के लिए लगाई जा रही शिकायत पेटियां और क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर-7049108283 पर सूचना देने की भी दी जानकारी। नशे के दुष्परिणामों व उसके कारण बढ़ने वाली आपराधिक प्रवृत्ति के प्रति भी किया जागरूक। चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध की जानकारी के साथ ही, इसके विक्रय के बारें में सूचना देने के लिए किया प्रेरित।

इंदौर - शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु असामाजिक तत्वों व बदमाशों के शैडो एरिया और हॉट स्पॉट की प्रभावी चैकिंग व कार्यवाही के साथ ही आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित कर, बेहतर सामुदायिक पुलिसिंग के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम, मोहल्ला समिति की बैठकें व जनजागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित कर आमजन को पुलिस से जोड़ने की कार्यवाही करने के लिए इंदौर पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशो के अनुक्रम में सभी जोन के डीसीपी के मार्गदर्शन में दिनांक 02.12.25 को नगरीय इंदौर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा बस्तियों, मोहल्लों कालोनियों, मल्टियों आदि में आमजन के बीच जाकर मोहल्ला बैठकों का आयोजन किया गया। जिसके तहत - पुलिस थाना बाणगंगा क्षेत्र के गोविंद नगर खारचा में पुलिस उपायुक्त जोन 3 श्री राजेश व्यास, सहायक पुलिस उपायुक्त हीरा नगर श्रीमती रुबिना मिजवानी व थाना प्रभारी बाणगंगा द्वारा रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया जिसमें नशा मुक्ति व अपराधिक गतिविधि से दूरी बनाए रखने ,साइबर क्राइम से बचाव, किसी भी अवैध गतिविधि को पुलिस के साथ साझा करने की समझाइश दी गई जिसमें सभी रहवासियों के द्वारा सहयोग करने का



आश्वासन दिया । पुलिस थाना हीरा नगर क्षेत्र के रूप नगर में अति. पुलिस उपायुक्त जोन 3 श्री रामस्नेही मिश्रा व थाना प्रभारी हीरा नगर द्वारा रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया ।

पुलिस थाना तुकोगंज अंतर्गत साईं मंदिर व आर एस भंडारी मार्ग पर आसपास के व्यापरियों व रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया और चाइनीज मांझा उपयोग न करने के प्रति जागरूक किया गया I पुलिस थाना MG रोड़ अंतर्गत हैमिल्टन रोड़ पर मोहल्ला समिति की बैठक लेकर व्यापरियों व रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया। पुलिस थाना संयोगितागंज अंतर्गत प्रकाश नगर व RK हॉस्पिटल के आसपास के रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना पलासिया अंतर्गत विनोबा नगर के रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना छोटी ग्वालटोली अंतर्गत कीबे कंपाउंड पर मोहल्ला समिति की बैठक लेकर व्यापरियों व रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया। पुलिस थाना जूनी इंदौर अंतर्गत सिंधी कॉलोनी में स्थानीय रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया।

पुलिस थाना छत्रीपुरा अंतर्गत यशवंतगंज व राजमोहल्ला में आसपास के रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया। पुलिस थाना रावजी बाज़ार अंतर्गत प्रकाश का बगीचा में स्थानीय रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना द्वारिकापुरी अंतर्गत अहिरखेड़ी काकड़ में आसपास के रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया। पुलिस थाना पंढरीनाथ अंतर्गत नार्थ हरसिद्धि में रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना चंदन नगर अंतर्गत गीता नगर में रहवासियों के साथ जनसंवाद का आयोजन किया गया। पुलिस थाना परदेशीपुरा अंतर्गत क्लर्क कॉलोनी में रहवासियों के साथ जनसंवाद का आयोजन किया गया। पुलिस थाना लसूड़िया अंतर्गत राहुल गांधी नगर में आसपास के रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया। पुलिस थाना विजय नगर क्षेत्रान्तर्गत 54 नंबर विजय नगर में मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना कनाड़िया अंतर्गत अग्रवाल पब्लिक स्कूल के आसपास रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस थाना खजराना अंतर्गत गौहर नगर व नाहरशाहवाली दरगाह के आसपास में रहवासियों के साथ मोहल्ला समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया।

पुलिस थाना राजेन्द्र नगर अंतर्गत रहवासियों के साथ जनसंवाद का आयोजन किया गया। पुलिस थाना तेजाजी नगर अंतर्गत नई बस्ती में रहवासियों के साथ जनसंवाद का आयोजन किया गया। इसी प्रकार नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारी व स्टाफ द्वारा आमजन के बीच जाकर जनसंवाद किया जा रहा है और उन्हें - नशे से होने वाले दुष्परिणामों व उसके कारण बढ़ने वाली अपराध की प्रवृत्ति के संबंध में जागरूक किया। कोई घटना/दुर्घटना, कोई समस्या या अवैध गतिविधियों हेतु डायल-112, क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर-7049108283 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी।

रहवासी क्षेत्रों में शिकायत पेटी रखी गई, रहवासियो को गुप्त शिकायत पेटी में किसी भी अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी देने के संबंध में और उनका नाम गुप्त रखा जाएगा बताया। सभी लोगों को पतंग उड़ाने में चाइनीज मांझा उपयोग न करने व इसके दुष्परिणाम बताएं तथा इसके विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में अवगत करवाया और इसकी सूचना देने के लिए भी प्रेरित किया। कॉलोनी में CCTV कैमरे, सुरक्षा गार्ड तथा किराएदार नौकर, किरायेदारों व अनजान लोगों की जानकारी पुलिस को दे। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा ड्रोन के माध्यम से भी इलाके की सर्चिंग की जाकर, क्षेत्र में शैडो एरिया व किसी भी संदिग्ध गतिविधि के संबंध में भी निगरानी कर रही हैं। अधिकारियों ने सभी से कहा कि, सुरक्षित और समृद्ध समाज के लिए आमजन की पुलिस के साथ भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है, इसके द्वारा अपराधियों पर और प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। आपकी जागरूकता और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। नागरिकों ने पुलिस की जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और अपने विचार भी साझा किए।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ आरोपी गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से लगभग 53.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 5,50,000/- रुपए) जप्त । आरोपी ने पूछताछ में सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बिक्री करना कबूला। क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा अवैध मादक पदार्थो के प्रकरणों में वर्ष 2025 में अब तक कुल 100 से अधिक कार्यवाहियां की गई जिनमें 170 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे लगभग 04 करोड़ 60 लाख से अधिक का मश्रूका जप्त किया गया है।

अपराध क्रमांक- 208/2025 , धारा- 8/22 घटना स्थल- शासकीय पशु चिकित्सालय के सामने पत्थर गोदाम रोड इंदौर

आरोपी के नाम - अमजद पिता जाफिर बेग निवासी खजराना इंदौर जब्त माल का विवरण : - 53.39 ग्राम एमडी व एक सफेद रंग की स्कूटी गाड़ी कुल मश्रूका कीमत 6,00,000/- रुपए घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम




के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी करने के दौरान शहर के शासकीय पशु चिकित्सालय के सामने पत्थर गोदाम रोड इंदौर क्षेत्र में दो व्यक्ति सफेद कलर की स्कूटी के साथ खड़ा दिखा जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगा जिससे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लगा जिसे घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अमजद पिता जाफिर बेग निवासी खजराना इंदौर का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेते 53.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD व एक सफेद रंग की स्कूटी मौके से जप्त की गई। आरोपीयो को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## पुलिस कार्यवाही -

आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अधिक लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर 'MD' इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपी से 53.39 ग्राम "MD" व एक सफेद रंग की स्कूटी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 208/25 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट
आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प

# पुलिस कमिश्नर ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए, हमेशा हेलमेट धारण सहित यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

**लोगों में जागरूकता हेतु किये हेलमेट व उपहार प्रदान। किसी ने दुर्घटना से सबक लिया तो किसी ने पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर हेलमेट को अपनाया। लोगो ने सड़क हादसों से जुड़े अनुभव भी पुलिस से किये साझा और हमेशा हेलमेट धारण करने का संकल्प।**







इंदौर- सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( अपराध/मुख्यालय ) श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन4) श्री आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में आज शहर के व्यस्ततम नवलखा चौराहे पर पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( अपराध/मुख्यालय ) श्री आर.के. सिंह की उपस्थिति में इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वृहद हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कमिशनर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा युवा, बुजुर्ग, जरूरतमंद ऐसे वाहन चालक जिनके पास रजिस्ट्रेशन लाइसेंस दस्तावेज पूर्ण थे उन्हें हेलमेट प्रदान किए गए। ऐसे वाहन चालकों द्वारा नियमो का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया फिर सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिया।

ऐसे भी जिम्मेदार दोपहिया वाहन चालक इस अभियान में सम्मिलित हुए जो स्वेच्छा से हेलमेट लगाएं मिले, पुलिस कमिश्नर व अधिकारियों द्वारा ऐसे जिम्मेदार चालको की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। वाहन चालकों ने पुलिस कमिश्नर से अपने अनुभव साझा करते हुए यह भी बताया कि हमने अपने परिवार में सड़क दुर्घटना का दुःख झेला है, अपनो को खोया है और आए दिन सड़क सुरक्षा नियमो का उल्लंघन से होने वाले दुर्घटनाओं के बारे में सुनते हैं, इसलिए हम नियमों का पालन भी करते हैं और अपने परिजन को भी यह सलाह देते हैं कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें। पुलिस कमिश्नर महोदय ने वाहन चालकों से यह भी कहा कि लगातार इन्दौर शहर के सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आमजन मानस को जागरूक करने व सड़क सुरक्षा में उनकी सहभागिता के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों उद्देश्य यही है कि वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता को समझे व स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करें। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों को आगे आना चाहिए और अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए। वाहन चालकों ने भी संकल्प लिया कि ना केवल हम यातायात नियमों का पालन करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम में वीआईपी ट्रेवल्स के प्रभदीप छाबरा व टीम का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, निरीक्षक गण सहित यातायात का स्टाफ, ट्रैफिक प्रहरी, जिम्मेदार नागरिक भी उपस्थित रहे।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
**जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है**
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# डॉ हर्ष मेहता बने जीसो के राष्ट्रीय महामंत्री एवं म.प्र. प्रभारी




जैन इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन द्वारा सुप्रीम कोर्ट के प्रख्यात अधिवक्ता डॉ. हर्ष मेहता को मुंबई के १२०० जैन संघों के समग्र जैन महासंघ प्रमुख प्रख्यात उद्योगपति श्री वीरेंद्र पी जैन सा , जीसो के इंटरनेशनल चेयरमैन श्री सुरेश पूनमिया जी, श्री महेंद्र भाई जैन द्वारा मुंबई मुख्यालय पर राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्यप्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। फाउंडेशन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि डॉ. हर्ष मेहता लंबे समय से विधि क्षेत्र, सामाजिक सेवा, युवा मार्गदर्शन तथा जैन दर्शन के प्रचार-प्रसार से जुड़े विभिन्न आयामों में सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी प्रशासनिक क्षमता, संगठन निर्माण की योग्यता और सेवा भावना को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें यह दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया।

जैन इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन का मानना है कि डॉ. हर्ष मेहता के नेतृत्व में संगठन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, युवा सशक्तिकरण, नैतिक व आध्यात्मिक जागरण जैसी विविध सेवात्मक योजनाओं को और अधिक सुदृढ़, व्यापक एवं संगठित रूप से क्रियान्वित किया जा सकेगा, जिससे जैन समाज सहित समस्त समाज में सेवा और करुणा के मूल्यों को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डॉ. हर्ष मेहता को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि उनकी नियुक्ति से संगठन की कार्यक्षमता, राष्ट्रीय उपस्थिति एवं जन-भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा आने वाले समय में अनेक नवीन सेवा परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा।

मात्र ३१ वर्ष की आयु में श्री मेहता अनगिनत संस्थाओं में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाए प्रदान कर रहे हैं । जैन इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन ने सभी मीडिया संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं जैन समाज के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे डॉ. हर्ष मेहता के नेतृत्व में संचालित होने वाली सेवा एवं जनकल्याण की पहलों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें।

# 8 साल की उम्र में हाई स्कूल और 15 में क्वांटम फिजिक्स में पीएचडी



**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** बेल्जियम के लॉरेंट सिमंस ने महज 15 साल की उम्र में क्वांटम फिजिक्स में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। एंटवर्प विश्वविद्यालय में अपनी डॉक्टरेट थीसिस जमा करने के बाद लॉरेंट आधिकारिक रूप से दुनिया के सबसे कम उम्र के पीएचडी धारकों में से एक बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि ने वैज्ञानिक जगत को वर्षों से आश्चर्य में डाल रखा है। उन्हें लिटिल आइंस्टीन भी कहा जा रहा है।

लॉरेंट का मानना है कि वे शायद पीएचडी हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। यह उपलब्धि कई साल पहले शुरू हुए उनके सफर का प्रतीक है। 8 साल की उम्र में हाई स्कूल पूरा करना, 12 साल की उम्र में भौतिकी में बैचलर डिग्री और फिर रिकॉर्ड समय में मास्टर्स डिग्री हासिल करना। उन्होंने मीडिया को बताया कि इसके बाद मैं अपने असली लक्ष्य यानी सुपर-ह्यूमन बनाने की दिशा में काम शुरू करूंगा।लॉरेंट का कहना है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं सिर्फ अकादमिक पुरस्कारों तक सीमित नहीं हैं। उनका जीवनभर का सपना मानव जीवन प्रत्याशा को बढ़ाना और अंततः मनुष्य को जैविक रूप से अमर बनाना है। पहले के साक्षात्कारों में उन्होंने कहा था कि मैं भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक साथ जोड़ना चाहता हूं।

### ब्लैक होल से बोसॉन तक

लॉरेंट के मास्टर्स शोध में बोसॉन अवस्थाओं और ब्लैक होल के बीच समानताओं की खोज की गई थी; इसमें उन्होंने अत्यंत कम तापमान पर बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट का अध्ययन किया। जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट में इंटर्नशिप के दौरान उन्होंने क्वांटम ऑप्टिक्स और एआई-संचालित प्लाज्मा विश्लेषण का इस्तेमाल कर कैंसर के शुरुआती पता लगाने पर काम किया। उन्होंने बताया कि हमने एक मशीन लर्निंग एल्गोरिदम को ट्रेन किया है जो कैंसर मरीजों और स्वस्थ लोगों के बीच सटीक अंतर कर सके।

बता दें कि लॉरेंट ने अमेरिका और चीन की बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों के कई ऑफर ठुकरा दिए हैं। उनके माता-पिता एलेक्जेंडर और लिडिया ने कहा कि उनके बेटे का शोध सबसे पहले चिकित्सा क्षेत्र की सेवा करे। गौरतलब है कि पीएचडी करने के बाद लॉरेंट म्यूनिख चले गए। वहां वे चिकित्सा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित अपना दूसरा डॉक्टरेट कार्यक्रम शुरू करने वाले हैं। उनके पिता ने वीटीएम को बताया कि यह वास्तव में भौतिकी से बिल्कुल अलग क्षेत्र है।

## वेनेजुएला पर अमेरिका सख्त : ट्रंप ने चेताया- अब जमीन पर भी होंगे हमले

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कैरिबियन सागर में कथित वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की नौकाओं पर अमेरिकी हमलों के बाद अब तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। कारण है कि कैबिनेट बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक चेतावनी दी है कि सागर में हमले के बाद अब अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला के अंदर भी जमीनी हमले शुरू कर सकता है। ट्रंप की ये चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है जब ट्रंप प्रशासन कैरिबियन सागर में किए गए हमले को लेकर जांच के घेरे में है। बता दें कि इन हमलों में हुए 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी, ऐसे में इस हमले को लेकर उठ रहे सवाल के बीच ट्रंप ने अपने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का बचाव किया। साथ ही ट्रंप ने कहा कि हम जल्द ही जमीन पर भी हमले शुरू करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जमीनी हमले आसान है, क्योंकि हमें पता है कि ड्रग तस्कर कहां रहते हैं। हम बहुत जल्द हमला शुरू करने वाले हैं।

हाल में अमेरिका की ट्रंप प्रशासन को उन नौकाओं पर किए गए हमलों को लेकर कड़ी आलोचना झेलनी पड़ रही है जिन पर नशा-तस्करी का आरोप था। इन हमलों में अब तक 80 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे में ट्रंप ने रक्षा मंत्री हेगसेथ का बचाव करते हुए कहा कि न तो उन्हें और न ही हेगसेथ को दूसरे हमले की जानकारी थी। ट्रंप ने कहा कि मुझे दूसरे हमले के बारे में कुछ नहीं पता था। मुझे बस इतना पता था कि एक नाव को निशाना बनाया गया था। दूसरी ओर रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने पहला हमला लाइव देखा, लेकिन उसके बाद अपनी अगली मीटिंग में चले गए। उन्होंने कहा कि कुछ घंटे बाद मुझे दूसरे हमले के बारे में पता चला। मैंने कोई जीवित व्यक्ति नहीं देखा, क्योंकि वह नाव पूरी तरह आग में घिरी हुई थी।

हालांकि दूसरे हमले को लेकर व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशंस कमांड के प्रमुख एडमिरल फ्रैंक मिच ब्रैडली ने दूसरे हमले का आदेश दिया था।

## टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने भाजपा को दिए 757.6 करोड़, कांग्रेस को मिला 77 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्टोरल बॉन्ड रद्द होने के बावजूद 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी को चुनावी चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विभिन्न इलेक्टोरल ट्रस्ट्स के योगदान रिपोर्टों से खुलासा हुआ है कि टाटा समूह नियंत्रित प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने इस वित्त वर्ष में कुल 915 करोड़ रुपये में से लगभग 83% यानी 757.6 करोड़ रुपये सिर्फ भाजपा को दान किए। इसके मुकाबले कांग्रेस का हिस्सा मात्र 8.4% यानी 77.3 करोड़ रुपये रहा। इस ट्रस्ट ने 10-10 करोड़ रुपये तृणमूल कांग्रेस, वाईएसआर कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट), बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), जद(यू), डीएमके और एलजेपी (रामविलास) को भी दिए। रिपोर्ट बताती हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स को असंवैधानिक करार देने और स्कीम खत्म करने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी की फंडिंग पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। भाजपा को ट्रस्टों के जरिए लगभग 959 करोड़ रुपये की राजनीतिक चंदा मिला है। इनमें सबसे बड़ा योगदान टाटा ग्रुप द्वारा नियंत्रित प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ही रहा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सबको मिलाकर भाजपा को अभी तक ट्रस्टों से लगभग 959 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। हालांकि देश के सबसे बड़े प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट की 2024-25 की रिपोर्ट अभी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड नहीं हुई है। इसी ट्रस्ट के जरिए सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता रहा है और भाजपा सबसे बड़ा लाभार्थी रही है। पिछले रिकॉर्ड के अनुसार प्रूडेंट ने 2023-24 में भाजपा को 724 करोड़ रुपये दिए थे। इसलिए वास्तविक आंकड़ा 959 करोड़ रुपये से काफी ज्यादा हो सकता है। कुल मिलाकर कांग्रेस की 2024-25 में कुल आय 517 करोड़ रुपये रही, जिसमें ट्रस्ट रूट से 60% से ज्यादा चंदा आया। यह आंकड़ा 2023-24 के 828 करोड़ रुपये (बॉन्ड्स से) से काफी कम है, लेकिन गैर-चुनाव वर्ष 2022-23 के 171 करोड़ रुपये से ज्यादा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स बंद होने के बाद कॉर्पोरेट घराने अब फिर से इलेक्टोरल ट्रस्ट्स के पुराने रास्ते पर लौट आए हैं, जिसमें पारदर्शिता का स्तर पहले से भी कम है क्योंकि ट्रस्टों को दानदाता कंपनियों के नाम सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं होती (केवल प्राप्तकर्ता पार्टियों के नाम बताने होते हैं)। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट की रिपोर्ट आने के बाद 2024-25 के कुल चंदे की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी, लेकिन उपलब्ध आंकड़े यही बता रहे हैं कि सत्ता में बैठी पार्टी की फंडिंग पर बॉन्ड्स के खत्म होने का कोई खास असर नहीं पड़ा है।

## दिल्ली से बिहार तक शीतलहर की चेतावनी

### दक्षिण भारत में दितवाह का कहर; चेन्नई में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत इस समय कड़ाके की सर्दी की चपेट में हैं। वहीं, दक्षिण भारत में दितवाह तूफान कहर बरपा रहा है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 08 राज्यों में आज शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

आईएमडी ने बताया कि इस दौरान इन राज्यों में तापमान में तेजी से कमी आएगी। विभाग के मुताबिक यूपी, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र हरियाणा पंजाब समेत कई राज्यों में शीतलहर देखने को मिल सकती है। उधर, दक्षिण भारत के कई राज्यों में चक्रवात दितवाह का कहर देखने को मिल रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में आज बारिश की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में आज सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। पहले से ही राजधानी प्रदूषण की मार झेल रही है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के अधिकांश इलाकों में आज कोहरा देखने को मिलेगा। यलो अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने बताया कि 3 दिसंबर से सुबह के समय शीत लहर चलेगी।

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड का प्रकोप देखने को मिल रहा है। सुबह और



शाम को ठंड का ज्यादा एहसास हो रहा है। वहीं, आईएमडी ने बताया कि बुधवार से कई जिलों में तापमान में तेजी से कमी देखने को मिलेगी। आज कानपुर, आगरा, इटावा, टुंडला, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी में शीत लहर देखने को मिल सकती है। पूर्वी यूपी के जिलों में भी करीब यही स्थिति देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में आज यानी बुधवार को कड़ाके की ठंड महसूस होगी। दिसंबर की शुरुआत के साथ ही तापमान में भी कमी देखने को मिल रही है। विभाग ने पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार में शीत लहर अलर्ट जारी किया है।

चक्रवात दितवाह कमजोर पड़ गया है, हालांकि इसके असर से तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना है। विज्ञान विभाग ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया। गहरे दबाव में क्षेत्र में बदला दितवाह पश्चिम-मध्य और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के आस-पास और उत्तर तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर तीन किमी/घंटा की गति से धीरे-धीरे दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ा है। यह तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों से 25 किमी दूर है। संभावना है कि यह धीरे-धीरे उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों की ओर बढ़ेगा।

## भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के सदस्य का महाविद्यालय दौरा

इंदौर। बुधवार को शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में आंकलन एवं रेटिंग बोर्ड, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग भारत सरकार के सदस्य डॉ सुश्रुत कनौजिया द्वारा अस्पताल एवं महाविद्यालय का विजित किया गया, इसी अवसर पर उनके द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक एवं चिकित्सकों के साथ भी मीटिंग आयोजित की गई। डॉ सुश्रुत ने महाविद्यालय एवं चिकित्सालय से संबंधित सुविधाओं के लिए आवश्यक सलाह दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ाने के लिए लगातार प्रगतिशील है उन्होंने कहा कि हमें छात्रों के लिए ग्रुप लर्निंग शिक्षा पर जोर देना चाहिए, ताकि छात्रों का स्किल डेवलपमेंट हो और भविष्य में अपना प्रेजेंटेशन बेहतर तरीके से दे सके। डॉ सुश्रुत ने बताया कि प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों का अध्ययन कर उनमें से मूल आवश्यक चिकित्सा संबंधी तत्व निकलने पर कार्य किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत पाल सिंह चौहान ने बताया जी महाविद्यालय और अस्पताल को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए भारत सरकार के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। डॉ शैलेश शुक्ला द्वारा स्वागत किया गया, सभी डॉक्टर ने अपनी शंकाओं को माननीय सदस्य के सामने रखा।